प्रेस विज्ञप्ति

21 अक्टूबर 16 को तीव्र गश्ती पोत (एफपीवी) भारतीय तटरक्षक पोत आर्यमैन एवं भारतीय तटरक्षक पोत अतुल्य की कमीशनिंग

श्री सुनील कुमार कोहली, आईडीएएस, वित्तीय सलाहकार, रक्षा सेवा, ने अपर महानिदेशक के. नटराजन, पीटीएम, टीएम, तटरक्षक कमांडर (पश्चिमी समुद्री क्षेत्र) की उपस्थिति में 21 अक्टूबर 16 को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा डिजाइन एवं निर्मित 20 तीव्र गश्ती पोतों के श्रेणी की अठाहरवीं एवं उन्नीसवीं भारतीय तटरक्षक पोत आर्यमैन व अतुल्य की कमीशनिंग की। समारोह में, महानिरीक्षक वी एस पठानिया, टीएम कमांडर तटरक्षक क्षेत्र (पश्चिम), भारतीय नौसना के फ्लैग/ वरिष्ठ अफसर तथा सशस्त्र बल, केंद्र एवं राज्य सरकार के गणमान्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

50 मीटर लंबी स्वदेशी तीव्र गश्ती पोत 317 टन का विस्थापन करती है। इसकी अधिकतम गति 33 नॉट है। 13 नॉट की मितव्ययी गति पर इसकी क्षमता 1500 नॉटिकल मील है। पोत नवोन्नत किस्म के हथियारों, अत्याधुनिक संचार एवं नौचालन उपकरणों से सुसज्जित है। यह निगरानी, खोज एवं बचाव तथा निषेध जैसे विभिन्न तटीय मिशनों को अंजाम देने के लिए उपयुक्त पोत है। पोत की प्रमुख विशेषताओं में एकीकृत सेतु प्रबंधन प्रणाली (आईबीएमएस) तथा एकीकृत मशीनी नियंत्रण प्रणाली (आईएमसीएस) सम्मिलित है।

पोत का लोकार्पण भारतीय तटरक्षक पोत 'आर्यमैन एवं अतुल्य' के नाम के द्वारा किया गया है। आर्यमैन का अभिप्राय "महान गुणों वाला" है, इसे कमांडर, तटरक्षक क्षेत्र (पश्चिम) के प्रशासनिक नियंत्रण में कोच्ची में स्थापित किया जाएगा। अतुल्य का शाब्दिक अभिप्राय "जिसकी कोई तुलना न हो" है, इसे कमांडर, तटरक्षक क्षेत्र (पूर्व) के प्रशासनिक नियंत्रण में विशाखापत्तनम में स्थापित किया जाएगा।

श्री सुनील कुमार कोहली, आईडीएएस, वित्तीय सलाहकार, रक्षा सेवा, ने तीव्र गश्ती पोत को तटरक्षक का उपयोगी अश्व कहते हुए, कमीशनिंग समारोह को संबोधित किया। भारतीय तटरक्षक में तेजी से हो रहे विकास के विषय में मुख्य अतिथि ने विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा समुद्री क्षेत्र में उत्पन्न सुरक्षा की चुनौतियों का मुकाबला करने में भारतीय तटरक्षक द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। अगले कुछ वर्षों में 150 पोत/नौका तथा 100 वायुयानों के साथ मिलकर भारतीय तटरक्षक सशक्त समुद्री बल के रूप में उभर कर सामने आएगा। इन संक्रियात्मक परिसंपत्तियों के अलावा निरंतर तटीय निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए 46 राडार स्टेशनों की स्थापना की गई है।

भारतीय तटरक्षक पोत आर्यमैन की कमान कमांडेंट नीरज सिंह तथा भारतीय तटरक्षक पोत अतुल्य की कमान कमांडेंट (जेजी), शिवप्रसाद कर रहे हैं। इनमें प्रत्येक में 05 अफसर एवं 33 भर्ती कार्मिक हैं।